# किसी भी वार्ड में कचरा दिखा तो होगी सीधी कार्रवाई : नपा अध्यक्ष

## नगर पालिका की अहम बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और कचरा प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों से प्राप्त शिकायतों, नालियों की नियमित सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा सफाई कर्मियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बाजार क्षेत्रों, अस्पतालों, विद्यालयों, बस स्टैंड, मुख्य मार्गों तथा घनी आबादी वाले इलाकों में नियमित और प्रभावी सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कचरा उठाव की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाया जाएगा। डोर-टू-डोर कलेक्शन की निगरानी सख्ती से की जाएगी ताकि किसी भी वार्ड में कचरा जमा न हो। नालियों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने, जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर भी सहमति बनी। सफाई व्यवस्था की निगरानी को मजबूत करने के लिए वार्ड स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए।




### कचरा निर्धारित स्थानों या कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें

नगर अध्यक्ष ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित निरीक्षण करें, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। नगर अध्यक्ष ने अंत में कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और आवश्यक होने पर कठोर कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और नगर को साफ रखने में सहयोग करें। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति विकास तम्बोली, सभापति नीतू कोठारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर में आज मनाया जाएगा साईं उत्सव



**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में 27 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में साईं उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उत्सव का 15वां वर्ष है, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे साईं बाबा की आरती से होगी। इसके बाद पालकी एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि 7 बजे पुनः साईं बाबा की आरती होगी। भक्तों के मनोरंजन के लिए रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम "रंग छत्तीसा" का आयोजन रखा गया है। आयोजक मंडल ने नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### रमजान के कथित आदेश पर सियासत तेज



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ में रमजान माह को लेकर जारी कथित आदेश के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अमित जैन ने छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज के बयान पर सवाल उठाते हुए मामले में सच्चाई स्पष्ट करने की मांग की है। जैन ने कहा कि 19 तारीख को जारी एक पत्र में रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटे पहले कार्यालय छोड़ने की अनुमति देने की बात कही गई थी, जो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, लेकिन बाद में पत्र हटा लिया गया। वहीं अल्पसंख्यक विभाग के सचिव अनुपम द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि राज्य शासन ने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है। जैन ने भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की मांग की है। साथ ही वक्फ बिल के प्रावधानों और जुमे की नमाज की तकरीरों से जुड़े निर्देशों पर भी स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि गलत जानकारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए पूरे मामले की पारदर्शी जांच होनी चाहिए।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा देवार बस्ती, रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से देशी शराब रखकर बेचा जा रहा था।

### निधन

#### बसंत तिवारी



**नवागढ़।** मारो निवासी बसंत तिवारी (75 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय रानी तालाब मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिनेश तिवारी के पिता थे।


## तैयारी : बाजार में नई वैरायटी, बंदूक और राफेल पिचकारियों का क्रेज

# होली बाजार में केमिकल रंगों की बिक्री का खतरा बरकरार, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

होली पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी और होली सामग्री की दुकानें सज गई हैं। 2 मार्च को होलिका दहन के साथ ही रंगों का त्योहार अपने शबाब पर होगा, ऐसे में आगामी दिनों में रंग-गुलाल की बिक्री में तेज उछाल आने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार होली के तीन-चार दिन पहले से बिक्री अपने चरम पर पहुंच जाती है और अंतिम दो दिनों में सबसे अधिक कारोबार होता है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ व्यापारी अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से सस्ते और केमिकलयुक्त रंग बाजार में उतार रहे हैं, जिससे आमजन की त्वचा, आंखों और बालों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में हर्बल गुलाल की मांग में वृद्धि हुई है और कई दुकानदारों का दावा है कि उन्होंने इस बार हर्बल रंग अधिक मात्रा में मंगाए हैं, लेकिन बाजार में बिक रहे सभी उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर कोई अधिकृत जांच नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि अमानक रंगों में मिलाए जाने वाले रसायन एलर्जी, खुजली, आंखों में जलन और त्वचा रोग जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। बाजार में 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की विभिन्न डिजाइनों वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। बच्चों के आकर्षण के लिए बंदूक, राफेल और प्रेशर पिचकारी जैसे मॉडल भी बिक्री के लिए सजे हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगे गुलाल के पैकेट और पारंपरिक नगाड़े भी दुकानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। होलिका दहन 2 मार्च को मनाया जाएगा, जिसे लेकर शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करने का कार्य शुरू हो चुका है।



### आमजनों की मांग विशेष जांच अभियान चलाया जाए

जनहित को देखते हुए सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में विशेष जांच अभियान चलाया जाए। खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर पालिका और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर बाजार में बिक रहे रंग-गुलाल के सैंपल जांचे जाएं और अमानक पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। क्योंकि होली खुशियों और रंगों का पर्व है, लेकिन लापरवाही और मुनाफाखोरी के कारण यह किसी के लिए स्वास्थ्य संकट न बन जाए, इसके लिए प्रशासनिक सतर्कता और जनजागरूकता दोनों आवश्यक हैं। अब देखना यह होगा कि त्योहार से पहले जिम्मेदार इस दिशा में क्या कदम उठाते हैं।

### विभिन्न ब्रांड और गुणवत्ता के रंग-गुलाल उपलब्ध

शहर के थोक एवं फुटकर बाजारों में इस समय विभिन्न ब्रांड और गुणवत्ता के रंग-गुलाल उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी है, लेकिन सस्ते और आकर्षक पैकिंग वाले रंगों की खपत भी कम नहीं होती। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा, बिक्री की रफ्तार और तेज होने की उम्मीद है। हालांकि बिक्री बढ़ने की संभावना के साथ एक चिंता भी जुड़ी है। अधिक मांग के चलते कुछ स्थानों पर अमानक या केमिकलयुक्त रंगों की खपत बढ़ने का जोखिम रहता है। जानकारों का मानना है कि जब बाजार में तेजी आती है तो गुणवत्ता की अनदेखी की आशंका भी बढ़ जाती है। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि बिक्री के इस पीक सीजन में विशेष निगरानी रखे, ताकि आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित और मानक उत्पाद ही उपलब्ध हों। व्यापारियों को जहां बेहतर कारोबार की उम्मीद है, वहीं आमजन सुरक्षित और हर्बल रंगों की ओर झुकाव दिखा रहे हैं। अब देखना होगा कि त्योहार से पहले बाजार में होने वाली संभावित रिकॉर्ड बिक्री के बीच गुणवत्ता और सुरक्षा के मानकों पर कितना ध्यान दिया जाता है।

# राष्ट्रीय आविष्कार क्विज में जेवरा और कस्तूरबा स्कूल ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जगाना और जिज्ञासा पैदा करना है। यह प्रतियोगिता 'करके सीखने' की पद्धति को बढ़ावा देती है, तार्किक सोच विकसित करती है और नवाचार को प्रोत्साहित करती है, ताकि बच्चे भविष्य में देश के विकास में वैज्ञानिक योगदान दे सकें। इसी तारतम्यता में बीआरसी भवन बेमेतरा में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कामिनी महिलांगे (विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा) सहित खेमराज साहू एपीसी एवं राजेंद्र साहू (बीआरसी बेमेतरा) उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वी से 8वी तक 12 बच्चें एंव 9वी से 12वी तक 12 बच्चो ने भाग लिए। बच्चों से सामान्य ज्ञान, गणित एंव विज्ञान से संबंधित चार राउंड में प्रश्न पूछे गए। अंतिम चरण की बज़र राउंड बहुत ही रोमांचक रही जिसमे पूरी जोश एंव उत्साहित नजर आये।इस प्रतियोगिता में मिडिल स्तर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रथम, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी द्वितीय एंव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा तृतीय स्थान रहे।हायर सेकंडरी स्तर पर शासकीय उच्च माध्यमिक शाला जेवरा प्रथम, सेजेस कन्या बेमेतरा द्वितीय एंव हाई स्कूल बावामोहतरा तृतीय स्थान पर रहे।विजयी टीम को अतिथियों द्वारा सील्ड एंव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।पुरस्कार वितरण के दौरान कामिनी महिलांगे बीईओ बेमेतरा ने इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया कि बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना। साथ ही विज्ञान और गणित को कक्षा के अंदर और बाहर, दोनों गतिविधियों के माध्यम से मजेदार और प्रासंगिक बनाना बताया। राजेन्द्र साहू बीआरसी बेमेतरा ने बताया कि छात्रों को नए विचार विकसित करने और विज्ञान-आधारित पहेलियों को हल करने के लिए प्रोत्साहित करना। ग्रामीण और ब्लॉक स्तर से मेधावी छात्रों को खोजकर उन्हें जिला और राज्य स्तर तक आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना बताया। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में ज्योति बनाफर, रेणुका अग्रवाल, ममता गुरूपंच, नुतेश्वर चंद्राकर एंव उद्धव साहू ने अहम भूमिका निभाई। विशेष सहयोगी के रूप में पूनम साहू, विष्णु प्रकाश साहू एंव सुशील साहू उपस्थित रहे।

# सेवा व समर्पण की मिसाल बना डॉ. दीपेश नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

आज के दौर में जहां युवा चिकित्सक शहरी सुख-सुविधाओं की ओर भागते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने से कतराते हैं, वहीं साजा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले देऊरगांव अस्पताल में पदस्थ युवा डॉ. दीपेश नायक ने सेवा का एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है। अस्पताल में अपने दो वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण करने के बाद जब डॉ. दीपेश की विदाई हुई, तो पूरा स्टाफ और ग्रामीण भावुक हो उठे। डॉ. दीपेश नायक ने पिछले दो वर्षों के दौरान देऊरगांव में अपनी सेवाएं दीं। ग्रामीणों ने बताया कि चाहे कड़कड़ाती ठंड हो, झुलसा देने वाली गर्मी या भारी बारिश, डॉ. दीपेश हमेशा समय पर अस्पताल पहुंचते थे। सुविधाओं के अभाव के बावजूद उन्होंने कभी संसाधनों की कमी का रोना नहीं रोया, बल्कि सीमित संसाधनों में ही मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराकर एक मिसाल पेश की। ड्यूटी के आखिरी दिन अस्पताल परिसर में एक सादे मगर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल स्टाफ और ग्रामीणों ने डॉ. नायक को फूल-मालाओं से लाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई बुजुर्ग ग्रामीण इस दौरान भावुक हो गए, जिनका इलाज डॉ. साहब ने बड़े ही अपनेपन से किया था।



### यह मेरा पहला पड़ाव जो हमेशा याद रहेगा

अपनी विदाई पर डॉ. दीपेश नायक भी भावुक नजर आए। उन्होंने इस छोटे से सफर में मिले अपार प्रेम को समेटते हुए कहा देऊरगांव मेरे करियर का पहला पड़ाव है। यहां के लोगों ने मुझे डॉक्टर नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह प्यार दिया। गांव की मिट्टी और यहां के भोलेपन से जो मुझे सीखने को मिला, वह बड़े शहरों के अस्पतालों में संभव नहीं था। यहां बिताया गया हर पल मेरी स्मृतियों में हमेशा जीवंत रहेगा।

**ग्रामीणों के लिए बने संकटमोचक:** देऊरगांव और आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. नायक केवल एक चिकित्सक नहीं, बल्कि उनके संकटमोचक थे। सुविधा विहीन अस्पताल होने के बावजूद मरीजों को त्वरित राहत देना और आपातकालीन स्थिति में भी धैर्य के साथ सेवा देना उनकी सबसे बड़ी खूबी रही। उनके समर्पण भाव की चर्चा आज पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम : शर्मा



**बेमेतरा।** जिला प्रभारी रायपुर शहर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा राजेन्द्र शर्मा ने राज्य बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से जो संकल्प लिए हैं, यह बजट उन्हें धरातल पर लागू करने की मजबूत दिशा प्रदान करता है। शर्मा ने कहा कि बजट में कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए किए गए व्यापक प्रावधान किसान परिवारों के लिए राहत और प्रगति का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि धान उत्पादक किसानों के हितों का संरक्षण, आधुनिक तकनीक आधारित कृषि को प्रोत्साहन, ग्रामीण सड़क और सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ करना प्रदेश के ग्रामीण ढांचे को नए स्तर पर ले जाएगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों की चिंता इस बजट में प्रमुखता से की है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में की गई व्यवस्थाएँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करेंगी,राजेन्द्र शर्मा ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए की गई घोषणाओं को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि नई स्कूल इमारतों, प्रयोगशालाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। कौशल विकास कार्यक्रम, रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण और उद्योगों के विस्तार से प्रदेश के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। शर्मा ने बजट में महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं को और प्रभावी बनाने की दिशा में किए गए प्रावधानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता से जुड़ी योजनाओं में वृद्धि निश्चित ही समाज को नई मजबूती प्रदान करेगी।

# पीएमश्री स्कूलों की 24 बिंदुओं के आधार पर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- केंद्र से आएगी अफसरों की टीम, 5 से 7 घंटे तक होगा गहन निरीक्षण

जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों की प्रगति और व्यवस्थाओं की जांच के लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की अफसरों की टीम पहुंचने वाली है। यह टीम जिले की सभी पीएमश्री स्कूलों का 24 बिंदुओं के आधार पर आकस्मिक निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक स्कूल में 5 से 7 घंटे तक रुककर व्यवस्थाओं की बारीकी से परख की जाएगी। शिक्षा विभाग के जानकारों से मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार के सचिव स्तर से प्रदेश के 341 पीएमश्री स्कूलों की सख्त समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं।

निरीक्षण दल में राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के अधिकारी शामिल रहेंगे। टीम के आगमन को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने अभियान शुरू कर दिया है।




अधिकारियों का दावा है कि अधिकांश स्कूलों में पहले की तुलना में स्थिति बेहतर हुई है। कुछ बिंदुओं पर अभी काम बाकी सूत्रों के अनुसार 24 में से अधिकांश बिंदुओं पर कार्य पूर्ण कर लिए जाने की बात कही जा रही लेकिन कुछ बिंदुओं पर अभी सुधार की आवश्यकता है होना बताया जा रहा है। विशेष रूप से चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग जिले की किसी भी पीएमश्री स्कूल में अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जबकि इसे अनिवार्य बताया गया है।

### इन बिंदुओं पर होगी जांच

मिली जानकारी अनुसार निरीक्षण के दौरान फुली इक्विप्ड अटल टिंकरिंग लैब, स्मार्ट क्लासरूम, स्किल एजुकेशन, इंटरनेट सुविधा, लाइब्रेरी, फिजिक्स-केमिस्ट्री-बायोलॉजी लैब, खेल मैदान, ग्रीन स्कूल फीचर्स, स्कूल इनोवेशन काउंसिल, मिशन लाइफ के तहत यूथ एवं इको क्लब, शिक्षक क्षमता निर्माण, जादुई पिटारा, टीएलएम का उपयोग, करियर काउंसलिंग, छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, फर्नीचर उपलब्धता, चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर, आईडी कार्ड वितरण, हैंडवॉशिंग एवं टॉयलेट व्यवस्था, बैगलेस-डे तथा पीएमश्री लोगो-नेम आदि शामिल हैं।

### हर साल मिल रहा लाखों का फंड

केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना के तहत हाई सेकेंडरी स्कूलों को प्रतिवर्ष 15 से 25 लाख रुपये तथा प्राथमिक स्कूलों को 2 से 5 लाख रुपये तक का फंड प्रदान किया जा रहा है, ताकि विद्यालयों का संचालन आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा सके।

# रिया यादव का राष्ट्रीय क्रॉस-कंट्री स्पर्धा के लिए चयन, कर्नाटक में दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रिया यादव का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस-कंट्री महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मंगलौर यूनिवर्सिटी, मंगलगंगोत्री (कर्नाटक) में 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित हो रही है, जिसमें रिया यादव हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, दुर्ग की टीम से हिस्सा लेंगी।

जानकारी के अनुसार, महाविद्यालय की क्रॉस-कंट्री टीम ने 29 जनवरी 2026 को आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के आधार पर रिया यादव का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। प्रतियोगिता से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने कठोर अभ्यास कर तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया। रिया यादव की इस उपलब्धि को नवागढ़ क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उक्त प्रतियोगिता में टीम के मैनेजर के रूप में शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ के अतिथि क्रीड़ा सहायक मणिशंकर टीम का मार्गदर्शन करेंगे। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में टीम राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगी।



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कांत पांडे सहित समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने रिया यादव को शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि रिया यादव क्रॉस-कंट्री के अलावा कबड्डी और एथलेटिक्स में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। महाविद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई है कि रिया यादव की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और नवागढ़ से भविष्य में और भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सामने आएंगे।

